(क) अभिदाता सामान्य भविष्य निधि के सदस्य बनने के साथ ही प्रपत्र जी.पी.एफ. 3-ए (यदि अभिदाता का परिवार नहीं है) में अपना सामान्य भविष्य निधि नामांकन पत्र चार प्रतियों में कार्यालय प्रमुख को प्रस्तुत करेगा। अभिदाता अपनी मृत्यु होने की स्थिति में सामान्य भविष्य निधि की संपूर्ण राशि या कोई भाग (Share) प्राप्त करने के लिये एक या एक से अधिक व्यक्ति को नामांकित कर सकता है। अभिदाता किसी भी समय नामांकन पत्र निरस्त कर सकता है एवं

अध्याय 45

सामान्य भविष्य निधि खाता के विषय में महत्वपूर्ण संशोधित निर्देश

(Important Orders on GPF)

1. ई-कोष आइलाइन पोर्टल—

शासकीय सेवकों के सामान्य भविष्य निधि खातों का विवरण ई-कोष ऑनलाइन पोर्टल पर प्रदर्शित है। इसे शासकीय सेवकों द्वारा निम्नानुसार देखा जा सकता है—

(i) Internet-browser के Address Bar में वेबसाईट http:/cg.nic.m/dtapको अंकित कर Enter करें।

(ii) वेबपेज खोलने पर प्रदर्शित सूची के रिपोर्ट लिंक (Reports Link) के अन्तर्गत प्रदर्शित AG Interface को क्लिक करें।

(iii) प्रदर्शित मेनूबार में Employes Code number पासवर्ड कोड नम्बर और जन्म तिथि एक साथ लिखने तथा सुरक्षा कोड में अंकित शब्द को निर्धारित यथास्थान में लिखा जाना है।

(iv) प्रदर्शित मेनूबार पर वर्ष चयन कर Submit करने पर शासकीय सेवक के सामान्य भविष्य निधि खाते के चयनित वर्ष का वित्तीय विवरण प्रदर्शित हो जायेगा।

[वित्त विभाग क्र. 1801/एक2014-04-00935/ब-4/चार, दिनांक 22-02-2014]

2. छ.ग. शासन, वित्त एवं योजना विभाग क्र. 92/एफ 2014-04-00907/वि/नि/चार, दिनांक 24-02-2014—

वित्त विभाग के संदर्भित परिपत्र क्र. 196/137/वि/नि/चार/2004, दिनांक 6 मार्च, 2004, क्र. 278/250/वित्त/नियम/चार/2007, दिनांक 19-09-2007, क्र. 91/313/वित्त/नियम/चार/2008, दिनांक 23-04-2008, क्र. 84/157/वित्त/नियम/चार/2009, दिनांक 08-04-2009 एवं क्र. 267/102/वित्त/नियम/चार/2011, दिनांक 17-08-2011 के माध्यम से सामान्य भविष्य निधि प्रकरणों के निराकरण संबंधी निर्देश जारी किये गये हैं। महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) छ.ग. रायपुर द्वारा अपने अर्द्धशासकीय पत्र दिनांक 20-01-2014 द्वारा अवगत कराया गया है कि म.प्र. शासन, वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक 1774/2121/2000/C/4 दिनांक 25-08-2000 एवं संदर्भित परिपत्रों के निर्देशों का अधिकांश आहरण संवितरण अधिकारियों द्वारा उचित रूप से अनुपालन नहीं किया जा रहा है। सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान के प्रकरण सेवानिवृति के चार माह पूर्व महालेखाकार को प्रेषित करने के निर्देश हैं किन्तु, अधिकांश मामलों में प्रकरण सेवानिवृत्ति के कई माह पश्चात् प्रेषित किये जा रहे हैं जिससे शासन को ब्याज की अनपेक्षित हानि होती है साथ ही अभिदाता को समय पर प्राधिकार पत्र प्राप्त नहीं होता है। अतः छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्देशित किया जाता है कि,

(1) छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि नियम 10(1) ''क'' के अनुसार संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी की यह जिम्मेदारी है कि वह सेवानिवृत्ति के चार माह पूर्व सामान्य भविष्य निधि अंशदान की कटौती बंद करें। परन्तु कुछ आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा उक्त प्रावधान को ध्यान न देते हुए सेवानिवृत्ति दिनांक तक कटौती किया जाता है, जो सामान्य भविष्य निधि नियम का स्पष्ट उल्लंघन है। आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा सामान्य भविष्य निधि प्रकरण के अंतिम भुगतान में किये जा रहे विलम्ब के फलस्वरूप अभिदाता को अधिक ब्याज के साथ सुरक्षित निवेश बिना आयकर भुगतान प्राप्त होता रहता है।

(2) महालेखाकार द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि कतिपय आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा अंतिम भुगतान का प्राधिकार पत्र प्राप्त होने के उपरांत तत्परता से भुगतान न किया जाकर अनावश्यक विलम्ब किया जाता है जिसके कारण बहुत से अभिदाता विधिक फोरम के माध्यम से ज्यादा ब्याज की मांग करते हैं। ऐसी स्थिति आपत्तिजनक है।

(3) महालेखाकार द्वारा यह तथ्य भी राज्य शासन के ध्यान में लाया गया है कि आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा सामान्य भविष्य निधि पासबुक का समुचित रखरखाव नहीं किया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से खाते से आहरणों की प्रविष्टि तथा आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा प्रविष्टियों का सत्यापन नहीं किया जाना शामिल है। सामान्य भविष्य निधि पासबुक एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है तथा सामान्य भविष्य निधि पासबुक के उचित रखरखाव के बिना अभिदाता के क्रेडिट/डेबिट के विवरण उपलब्ध नहीं हो पाते है जिससे प्रकरण के निराकरण में कठिनाई आती है।

(4) उपरोक्त बिन्दुओं से स्पष्ट है कि अधिकांश कार्यालय प्रमुखों द्वारा सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान प्रकरणों के निराकरण में पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों को समय पर राशि का भुगतान नहीं हो पाता है और राज्य शासन को अतिरिक्त ब्याज का भार भी उठाना पड़ता है। सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि सामान्य भविष्य निधि से संबंधित सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करें। विभागीय अधिकारियों द्वारा किये जाने वाले समस्त कार्यालयीन निरीक्षणों में भी इन निर्देशों के पालन की प्रगति की समीक्षा की जाए तथा प्रकरण में विलंब या त्रुटि हेतु जिम्मेदारी निर्धारित कर संबंधित शासकीय सेवक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।

[वित्त एवं योजना विभाग क्र. 92/एफ 2014-04-00907/वि/नि/चार, दिनांक 24-2-2014]

3. छ.ग. शासन, वित्त एवं योजना विभाग क्र. 376/एल 2014-71-00209/वि/नि/चार, दिनांक 19-09-2014—

छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि नियम के नियम 14(4) में यह प्रावधान है कि शासकीय सेवक के सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान के मामले में उनके खाते में शेष राशि के अलावा राशि भुगतान करने वाले माह के पूर्ववर्ती माह तक के ब्याज का भुगतान किया जाता है, अर्थात् महालेखाकार को निर्धारित प्रपत्र में कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रेषित कर्मचारी की अंतिम

अध्याय

46

सेवानिवृत्त लाभ

(Retirement Benefits)

1. छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1976—

यह नियम, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा के विभिन्न वर्गों के सेवानिवृत्त लाभों, जैसे पेंशन, उपदान, इत्यादि के विनियमन हेतु उपबन्धों को स्थापित करने के उद्देश्य से लागू किया गया है।

परन्तु इन नियमों के उपबन्ध ऐसे शासकीय सेवकों पर लागू नहीं होंगे, जो दिनांक 1 नवम्बर 2004 को या उसके बाद सरकारी सेवा में नियुक्त हुए है।

[वित्त एवं योजना विभाग क्र. 977/सी-761/वि/नि/चार, दिनांक 27-10-2004]

2. पेंशन, उपदान या परिवार पेंशन के दावों का नियमन—

(1) शासकीय सेवक की अधिवार्षिकी सेवा निवृत्ति या उसकी मृत्यु के समय स्थापित नियमों के अधीन पेंशन, उपदान या परिवार पेंशन का नियमन किया जाता है।

(2) कार्यालय या विभाग में की गई सेवा पेंशन हेतु अहर्तादायी है अथवा नहीं, इसका निर्धारण इन प्रचलित नियमों के अधीन किया जायेगा जो सेवा से संपादन के समय प्रभावशील है।

(3) जिस दिन पूर्वान्ह से कोई शासकीय सेवक सेवानिवृत्त होता है या किया जाता है अथवा सेवामुक्त या सेवा से त्याग पत्र स्वीकार किया जाता है, जैसा भी प्रकरण हो, उस दिन को कार्य दिवस नहीं माना जायेगा, परन्तु मृत्यु के दिन को कार्य दिवस माना जायेगा। [नियम 5]

3. पेंशन या परिवार पेंशन निरन्तर चालू रहने की शर्त—

(1) पेंशनधारी का सदाचारी होना, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 के नियम 8 के अधीन एक महत्वपूर्ण शर्त पेंशन या परिवार पेंशन के सदा निरन्तरता के लिए है।

(2) यदि कोई पेंशनधारी को किसी गंभीर अपराध करने का दोषी पाया जाता है अथवा गंभीर कदाचरण करने का आरोपी ठहराया जाता है तो सक्षम प्राधिकारी (नियुक्तिकर्त्ता) अधिकारी उसकी सम्पूर्ण पेंशन या उसके किसी अंश को हमेंशा के लिए अथवा किसी भी निर्दिष्ट अवधि के लिए रोक सकता है, या वापस ले सकता है। यदि पेंशन के किसी अंश को रोका जाता है तो शेष पेंशन न्यूनतम पेंशन से कम नहीं होगी। परन्तु पेंशन रोके जाने का ऐसा आदेश पारित करने के पूर्व नियुक्तिकर्त्ता अधिकारी पेंशनधारी को बचाव का अवसर प्रदान करेगा।

(3) नियुक्तिकर्त्ता अधिकारी अगर राज्यपाल है, तब लोक सेवा आयोग से परामर्श कर आवश्यक आदेश जारी करेंगे। राज्यपाल के आदेश के विरुद्ध कोई अपील स्वीकार्य नहीं होगी। अगर अन्य किसी अधिकारी द्वारा आदेश जारी किया गया है तब राज्यपाल को अपील प्रस्तुत हो सकेगी।

टिप्पणी—(1) गम्भीर अपराध से अभिप्राय कार्यालयीन गोपनीय अधिनियम (Official Secret Act) (क्र. 19 सन् 1923) में परिभाषित गम्भीर अपराध से है।

(2) गम्भीर दुराचरण (Grave Misconduct) शब्द का अभिप्राय, शासन में किसी पद पर रहते हुए, कार्यालयीन गोपनीयता अधिनियम के प्रावधानों के प्रतिकूल, किसी सूचना के संचार या प्रसंग या शब्द भेद या कोई नक्शा या योजना, नमूना, सामग्री टीप, अभिलेख, जैसाकि अधिनियम के खण्ड 5 में उल्लेखित है, जिससे देश की सुरक्षा या सामान्य जनहित पर हानिकारक रूप से प्रभाव पड़े।

4. पेंशन रोकने या वापिस लेने की सक्षमता—

(1) पेंशन को रोकने या पेंशन या उसके किसी भाग को वापस लेने, चाहे वह स्थाई हो या फिर किसी निर्धारित अवधि के लिए हो अथवा किसी विभागीय या न्यायायिक कार्यवाही में पेंशन भोगी से उसके द्वारा की गई उपेक्षा या गंम्भीर कदाचरण के लिए दोषी पाए जाने पर या शासन को हुई आर्थिक हानि के पूर्ण या उसके किसी अंश का वसूलने के आदेश देने का अधिकार राज्यपाल में सुरक्षित है।

परन्तु अन्तिम आदेश देने के पूर्व लोक सेवा आयोग की सलाह लेना आवश्यक होगा तथा जहाँ पेंशन का कुछ अंश रोका गया है या वापिस किया जाता है इस प्रकार शेष पेंशन न्यूनतम से कम नहीं होगी। [पेंशन नियम 9]

(2) उक्त नियम सेवानिवृत्ति अपरान्त संविदा आधार पर नियुक्त पेंशनधारियों को भी लागू होगी। [वित्त विभाग क्र. 394/सी-158/वि/नि/चार, दिनांक 22-9-2005]

टिप्पणी—(1) सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना क्रमांक एक-1-1/2008/1 एक दिनांक द्वारा छत्तीसगढ़ कार्य नियम में संशोधन करते हुए उक्त मामले को मंत्री परिषद में रखे जाने वाले मामले से विलोपित करते हुए पेंशन नियम 1976 के नियम 9 के अधीन पेंशन को रोके, वापस लेने एवं कम करने संबंधी प्रकरण समन्वय के मामले की सूची में शामिल किया गया है।

(2) तदनुसार यह स्पष्ट किया जाता है कि पेंशन नियम 9(1) में अन्तर्गत पेंशन को रोकने एवं वापस लेने तथा नियम 9(2) के अधीन शासकीय सेवक की सेवा में रहते हुए या पुर्ननियुक्त के दौरान शासकीय कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय जाँच संस्थापित नहीं करने की स्थिति में सेवानिवृत्ति के उपरान्त विभागीय जाँच संस्थापित करने की स्थिति में सेवानिवृत्ति के उपरान्त विभागीय जाँच संस्थापित करने सम्बन्धी प्रकरण पर समन्वय में माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेश प्राप्त करना होगा।

[वित्त विभाग क्र. 103/एफ 2017-46-00/95/वित्त/नियम/चार, दिनांक 2-5-2017]

5. सेवानिवृत्ति के उपरान्त व्यवसायिक नियोजन—

(1) यदि कोई पेंशनर जो सेवानिवृत्ति के तत्काल पहले राज्य की प्रथम श्रेणी की सेवा में था, सेवानिवृत्ति की तिथि से दो वर्ष की समाप्ति के पूर्व कोई व्यावसायिक नौकरी शासन की स्वीकृति प्राप्त किये बिना स्वीकार नहीं कर सकता है।

8. पेंशन नियमों की भावना के अनुरूप एक आदर्श मॉडल के रूप में मंत्रालय स्तर पर सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति के दिनांक को पी.पी.ओ./जी.पी.ओ. वितरित करने की व्यवस्था अगले माह से प्रारम्भ किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

9. पेंशन प्रकरणों के निराकरण में विलम्ब होने के मुख्य कारणों में से एक कारण यह भी है कि शासकीय सेवकों के वेतन निर्धारण का अनुमोदन का कार्य कार्यालय प्रमुख स्तर पर सेवानिवृत्ति तिथि तक लंबित रहता है। सेवानिवृत्ति के उपरान्त पेंशन प्रकरण संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन को प्रेषित किये जाने के पश्चात् वेतन निर्धारण की जांच किये जाने पर अधिक भुगतान की स्थिति निर्मित होने पर शासकीय सेवकों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, अतः समस्त शासकीय सेवकों के वेतन निर्धारण की जांच/अनुमोदन का कार्य समय-समय पर वेतनमानों के पुनरीक्षण (आदेशों के जारी होने के एक वर्ष की समयावधि के भीतर) संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन के कार्यालय से अनिवार्य रूप से करा लिया जाय।

शासकीय सेवक की सेवा पुस्तिका हमेशा अद्यतन रखी जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी शासकीय सेवक के अधिवार्षिकी आयु के 2 वर्ष पूर्व सभी वेतन निर्धारण की जांच कर ली गई है तथा वेतन निर्धारण के अनुमोदन उपरान्त संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन द्वारा दी गई टीप अनुसार वेतन नियमन यथासमय किया जाकर यदि वसूली हो तो, सेवा में रहते हुए वसूली की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाय। सेवा अवधि में अधिक भुगतान की वसूली पूर्ण न होने पर उक्त विलम्ब हेतु जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए जिम्मेदार व्यक्ति/व्यक्तियों से वसूली की कार्यवाही की जायेगी।

राज्य शासन की स्पष्ट मंशा है कि उपरोक्त निर्देशों का प्रत्येक स्तर पर कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

[वित्त विभाग क्र. 250/250/वित्त/नियम/चार/2007, दिनांक 21-8-2007]

30. पेंशन पर उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण कुछ निर्णय—

(1) जी.वाई. परांजपे वि. आयुक्त, 2005(1) इ.ए.सी. 108, 112, 113 एवं 105 (बाम्बे)—इस प्रकरण में बाम्बे उच्च न्यायालय द्वारा यह निर्णय दिया गया है कि शासकीय सेवक कभी-कभी सेवानिवृत्त हुआ हो एवं पेंशन का लाभ ले रहा है, अगर पेंशन योजना में भविष्य में कोई परिवर्तन होता है तब ऐसे शासकीय सेवक को इसका लाभ लेने से इस आधार पर अवरुद्ध नहीं किया जा सकता कि वह बहुत पहले सेवानिवृत्त हो चुका है। न्यायालय ने यह माना है कि इससे संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन होगा। अतः पेंशन योजनाओं में जब-जब भी परिवर्तन होगा उसका लाभ पूर्व में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी प्राप्त होगा।

(2) एक्शन कमेटी, दक्षिण-पूर्व रेल्वे पेंशनर्स वि. भारत सरकार 1991 सूपा (2) एस.एस.सी. 544 : (1991) 5 जेटी (एस.सी.) 8—दक्षिण-पूर्व रेल्वे पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों को विशेष महंगाई भत्ता उनके पेंशन राशि के ऊपर दी जा रही थी। उन्होंने उच्चतम न्यायालय में याचिका प्रस्तुत कर, यह माँग की कि उनके महंगाई भत्ते को महँगाई वेतन

अध्याय

50

समूह बीमा योजना एवं परिवार कल्याण निधि योजना

(Group Insurance Scheme and Family Benefits Fund Scheme)

1. समूह बीमा योजना—

(1) योजना की प्रभावशीलता—राज्य शासन के समस्त कर्मचारियों के लाभार्थ य... योजना, राज्य शासन द्वारा, दिनांक 1.7.85 से लागू की गई। इस योजना से पूर्व, राज्य परिवार कल्याण निधि योजना 1974 लागू थी। राज्य शासन द्वारा लागू की समूह बीमा योजना में यह व्यवस्था दी गई कि जो कर्मचारी, इस नवीन योजना का वरण नहीं किए हैं, वे सेवानिवृत्ति तक या आगे भी इस नई योजना का वरण न करने की स्थिति में, पुरानी योजना के ही सदस्य बने रहेंगे तथा उनके दावे, उस पुरानी योजना के नियमों के अधीन ही निपटाए जावेंगे।

(2) समूह बीमा योजना की सदस्यता—(i) यह योजना, उन सभी कर्मचारियों के लिए अनिवार्यतः लागू होगी, जो इस योजना को अधिसूचित किए जाने के बाद शासकीय सेवा में आए है।

(ii) योजना के सदस्य के रूप में, नामांकित सेवा के प्रत्येक सदस्य को, उसके नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा फार्म 2 में उसके नामांकित दिनांक को और उसके वेतन से अंशदान के रूप में की जाने वाली कटौती को सूचित किया जाएगा। इसकी सूचना वित्त विभाग को भी दी जावेगी। इसकी सूचना चार प्रतियों में बनाई जावेगी। एक प्रति शासकीय सेवक को, एक प्रति संचालक जीवन बीमा विभाग को, एक प्रति सम्बंधित विभागाध्यक्ष को तथा एक प्रति सेवा पुस्तिका में चिपकाई जावेगी। [योजना का नियम 4(4)]

(3) लेकिन योजना के वर्ष-दिवस से भिन्न किसी माह में सेवा प्रविष्ट होने वाले कर्मचारियों के वेतन से अभिदान की राशि 30% राशि की कटौती तत्काल प्रारम्भ कर देनी चाहिए ताकि समूह बीमा का लाभ कर्मचारी को सुनिश्चित किया जा सके।

[योजना का नियम ...]

(4) योजना में अंशदान की दर—(i) जब योजना को दिनांक 1.7.85 से लागू किया गया तब योजना में अंशदान की दर निम्नानुसार थी—

अनु.	कर्मचारी की श्रेणी	अंशदान प्रतिमाह (रुपए में)
1.	प्रथम श्रेणी	80/-
2.	द्वितीय श्रेणी	60/-
3.	तृतीय श्रेणी	50/-
4.	चतुर्थ श्रेणी	30/-

(ii) अंशदान की दर वृद्धि—(एक) दिनांक 1.7.90 से अंशदान और अनुरूपी बीमा रक्षण की दर में 50 प्रतिशत की वृद्धि की गई। इसी बढ़ी हुई दर का चयन करने अथवा नहीं करने के विकल्प को अनिवार्य किया गया। एक बार दिए गए विकल्प को अन्तिम माना गया।

(दो) दिनांक एक जनवरी 1996 से पुनः अंशदान में वृद्धिकर क्रमशः इसे रु. 100/-, रु. 120/-, रु. 100/-, एवं रु. 60/- श्रेणीवार किया गया।

(तीन) दिनांक 1 जुलाई 2003 से पुनः अंशदान की दर में वृद्धिकर क्रमशः रु. 240/-, रु. 180/-, रु. 150/- एवं रु. 90/- श्रेणीवार किया गया।

[वित्त विभाग क्र. 340/322/वि/नि/चार/03, दिनांक 29-4-2003]

(चार) दिनांक 01 जुलाई 2017 (जून 2017 का वेतन जुलाई 2017 में देय) से दरे निम्नानुसार संशोधित की गई है—

समूह	वर्ग	अंशदान प्रतिमाह (रुपए में)		बीमा राशि (रुपये में)	
		1.7.2003 से 30.6.2017 तक	1.7.2017 से	1.7.2003 से 30.6.2017 तक	1.7.2017 से
ए	प्रथम	240/-	480/-	2,40,000/-	4,80,000/-
बी	द्वितीय	180/-	360/-	1,80,000/-	3,60,000/-
सी	तृतीय	150/-	300/-	1,50,000/-	3,00,000/-
डी	चतुर्थ	90/-	180/-	90,000/-	1,80,000/-

टिप्पणी—बढ़ी हुई दरों के विषय में छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के ज्ञापन क्रमांक 252/एल 2015-71-00406/वित्त/नियम/चार, दिनांक 27.5.2017 द्वारा जारी निर्देश के मुख्य बिन्दु निम्नानुसार है—

(1) पूर्व की भाँति अंशदान का 30% भाग बीमा निधि तथा शेष 70 प्रतिशत भाग बचत निधि में जमा होगा।

(2) दिनांक 1.7.2017 से अंशदान (बीमा निधि एवं बचत निधि) की बढ़ी दरें उन सभी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य होगी, जो वर्तमान में समूह बीमा योजना के सदस्य है। कर्मचारियों को इन बढ़ी हुई दरों को स्वीकार करने या न करने का विकल्प नहीं होगा।

(3) छत्तीसगढ़ संवर्ग में पदस्थ अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को यह लाभ प्राप्त नहीं होगा क्योंकि वह समूह बीमा योजना 1985 के सदस्य न होते हुए केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी समूह बीमा योजना 1980 के सदस्य है।

2. बचत राशि ब्याज—

कर्मचारी के सेवानिवृत्ति या सेवा में नहीं रहने या सेवा के दौरान मृत्यु होने पर योजना के बचत निधि में जमा राशि ब्याज समेत वापस कर दी जाती है। शासन द्वारा ब्याज की दर निम्नानुसार निर्धारित की है—

अध्याय

51 नवीन अंशदायी पेंशन योजना, 2004

(New Contributory Pension Scheme, 2004)

1. नवीन अंशदायी पेंशन योजना, 2004—

पूर्वस्थापित पेंशन योजना में बदलाव करते हुए नवीन अंशदायी पेंशन योजना लागू की गई है, जो छत्तीसगढ़ राज्य में दिनांक 1 नवम्बर 2004 से लागू की गई है, इसकी मुख्य बातें इस प्रकार है—

(1) यह योजना इस दिनांक के बाद (1.11.2004) सरकारी सेवा में भर्ती हुए सभी श्रेणी के सरकारी कर्मचारी पर लागू होगा।

(2) नियमित कर्मचारियों के साथ-साथ, यह योजना, आकास्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों एवं कार्यभारित सेवा स्थाई/अस्थाई कर्मचारियों की भी लागू हो। किन्तु, दैनिक वेतनभोगी एवं संविदा नियुक्तियों तथा शिक्षाकर्मियों में लागू नहीं है।

(3) दिनांक 1.11.2004 को या इसके बाद नियुक्त सरकारी अधिकारी/कर्मचारी पर, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 तथा छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि नियम, 1955 के उपबंध लागू नहीं होंगे।

(4) इस योजना में कर्मचारी अपने मूल वेतन तथा महँगाई भत्ता के योग का 10% हिस्सा अंशदान के रूप में जमा करेगा तथा शासन भी पेंशन निधि में इतनी ही राशि नियोजक हिस्से के रूप में जमा करेगी।

(5) इस योजना में शामिल होने वाले प्रत्येक कर्मचारी को एक स्थाई रिटायरमेन्ट खाता क्रमांक आवंटित होगा। यह खाता क्रमांक नेशनल सिक्यूरिटी डिपाजिटरी लि. (NSDL) द्वारा आवंटित किया जावेगा।

(6) प्रत्येक शासकीय सेवक सेवा में प्रविष्ट होते ही प्ररूप 1 में स्वयं से सम्बंधित जानकारी अपने कार्यालय प्रमुख को देंगे।

(7) स्थाई रिटायमेन्ट खाता (Permanent Retirement Account Number) नम्बर आहरण एवं संवितरण अधिकारी के द्वारा लिखित में सम्बंधित कर्मचारी को दिया जावेगा तथा यह उसके सेवा पुस्तिका में अंकित कर दी जावेगी।

(8) यह स्थाई रिटायमेन्ट खाता क्रमांक पूरे सेवाकाल के लिए एक ही होगा, चाहे वह प्रतिनियुक्ति पर बाह्य सेवा में पदस्थ हो जावे अथवा अन्यत्र कहीं स्थानान्तरण पर पदस्थ होने पर भी।

(9) इस योजना के अधीन आने वाले कर्मचारियों का वेतन देयक पृथक से तैयार होगा। इस वेतन देयक के साथ कटौतियाँ तीन प्रतियों में संलग्न करना होगा।

(10) जो कर्मचारी बाह्य सेवा में प्रतिनियुक्ति पर रहेंगे, उसका मासिक अंशदान तथा

नियोक्ता का अंशदान चालान द्वारा कोषालय अथवा बैंक में जमा किया जा सकता है। उसके साथ ही बैंक ड्राफ्ट द्वारा मूल विभाग को भी भेजा जा सकता है।

2. आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा की जाने वाली कार्यवाही—

(1) शासकीय सेवक की व्यक्तिगत जानकारी प्रपत्र-1 में भरवाने की जिम्मेदारी आहरण एवं वितरण अधिकारी की होगी।

(2) प्रपत्र-3 में जानकारी प्रेषित कर केन्द्रीय अभिलेख संधारण एजेंसी (NSDL) से पंजीकरण करना।

(3) केन्द्रीय अभिलेख संधारण एजेन्सी से स्थाई रिटायरमेन्ट खाता क्रमांक प्राप्त करने हेतु कर्मचारी से प्राप्त प्रपत्र-1 में जानकारी संचालनालय, कोष, लेखा एवं पेंशन को भेजना।

(4) स्थाई रिटायरमेन्ट खाता क्रमांक की प्रविष्टि वेतन देयक पंजी एवं सेवा पुस्तिका में कराना।

(5) प्ररूप-5 में एक लेजर का संधारण करना। इसमें प्रतिमाह वेतन से किए जाने वाले अंशदान की प्रविष्टि करना।

(6) वार्षिक लेखा पर्ची प्राप्त होने पर कटौतियों का मिलान इस पंजी से करना।

3. नवीन अंशदायी पेंशन योजना की व्यवस्था हेतु राज्य शासन के निर्देश—

नवीन अंशदायी पेंशन योजना के क्रियान्वन हेतु छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग द्वारा वर्ष 2004 से 2009 तक भिन्न-भिन्न निर्देश जारी किया गया है, जिसका मुख्य अंश इस प्रकार है—

(1) पेंशन निधि विनियमन एवं विकास अभिकरण द्वारा एन.पी.एस. ट्रस्ट की स्थापना करते हुए स्टाक होल्डिंग कारपोरेशन इण्डिया लिमिटेड को कस्टटोडिएन नियुक्त किया गया है। पेंशन फण्ड मैनेजर के रूप में एस.वी.आई. पेंशन फण्ड लिमिटेड, यूटीआई रिटायरमेंट साल्यूशन लि. तथा एल.आइ.सी. पेंशन फण्ड लिमिटेड को नियुक्त किया गया है।

(2) बैंक ऑफ इण्डिया को ट्रस्टी बैंक नियुक्त किया गया है जिसका मुख्य दायित्व योजना की राशि का सही समय में संग्रहण एवं प्रेषण होगा।

(3) पेंशन फण्ड मैनेजरों द्वारा खाताधारियों की राशि पेंशन निधि विनियमन एवं विकास अधिकरण के निर्देशों का पालन करते हुए शासकीय प्रतिभूतियों एवं इक्विटी में विनियोजित किया जावेगा, जिस पर कस्टोडियन का नियंत्रण होगा।

(4) केन्द्रीय अभिलेख संधारण एजेन्सी को सी.आर.ए. नियुक्त किए जाने से स्थाई रिटायरमेन्ट एकाउन्ट नम्बर (PRAN) इस एजेन्सी द्वारा ही जारी किया जावेगा। चूँकि छत्तीसगढ़ शासन की ओर से संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन तथा केन्द्रीय अभिलेख संधारण एजेन्सी के मध्य अनुबंध निष्पादित हो चुका है अतः आहरण एवं संवितरक अधिकारी द्वारा संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन के मध्य से शासकीयसेवक की जानकारी प्रस्तुत करने के एक माह में पंजीयन पूर्ण लिया

जाना चाहिए।

(5) दिनांक 1.1.2009 से PRAN प्राप्त करने हेतु प्रपत्र-1 में शासकीय सेवक अपनी जानकारी तीन प्रतियों में आहरण एवं संवितरक के माध्यम से संचालक कोष एवं लेखा तथा पेंशन को प्रेषित करेगा। संचालक उसे PRAN हेतु केन्द्रीय अभिलेख संधारण एजेन्सी को प्रेषित करेगा। केन्द्रीय अभिलेख संधारण एजेन्सी, स्थाई रिटायरमेन्ट एकाउन्ट नम्बर का आवंटन कर तत्काल उसकी सूचना नोडल अधिकारी (संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन) को देगा जिसे नोडल अधिकारी द्वारा सम्बंधित आहरण एवं संवितरक अधिकारी को प्रेषित कर दिया जावेगा।

(6) दिसम्बर 2008 तक संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन द्वारा आवंटित एवं जारी अस्थाई पेंशन लेखा क्रमांक (PPAN) को केन्द्रीय अभिलेख संधारण एजेन्सी को प्रेषित कर इसके आधार पर PRAN जारी करने की कार्यवाही करेगा।

(7) बिना PRAN के बिल कोषालय में स्वीकार नहीं किया जावेगा। जिन शासकीय सेवकों को 31.12.2008 तक आवंटित PPAN नम्बर के स्थान पर PRAN आवंटित किया जाना है, वे अपनी जानकारी प्रपत्र-1 में नोडल अधिकारी के माध्यम से केन्द्रीय अभिलेख संधारण एजेन्सी को भेजेंगे।

(8) दिनांक 1.1.2009 से प्रस्तुत होने वाले देयकों में PRAN अंकित करने के लिए एन.आइ.सी. के सहयोग से संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन पृथक् से एक साफ्टवेयर तैयार करेगा और उसकी सूचना समस्त कोषालय अधिकारियों एवं आहरण तथा संवितरण अधिकारियों को देगा।

(9) अंशदायी पेंशन योजना अंतर्गत जमा राशि को वर्तमान में पेंशन निधि विनियमन एवं विकास अधिकरण द्वारा तय की गई डिफाल्टर स्कीम में निवेश किया जावेगा तथा उस पर प्राप्त व्याप्त/लाभांश सम्बंधित शासकीय सेवक के खाते में जमा किया जावेगा।

(10) जमा राशि के निवेश हेतु भविष्य में तीन विकल्पों की सुविधा दी जावेगी, जिसमें निश्चित आय वर्ग तथा इक्विटी में अलग-अलग निवेश की सुविधा होगी। अंशदाता अपनी इच्छानुसार स्कीम का चयन कर उसमें निवेश की जाने वाली राशि को प्रतिशत में उल्लेख कर सकता है। स्कीम का चयन करने हेतु सभी अंशदाता को यूजर कोड एवं पासवर्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जावेगी।

(11) सर्वर पर अपलोड करने का कार्य यथावत् पूर्ववत् ही रहेगा। इसका मासिक लेखा 5 तारीख तक अवश्य भेजे जावेंगे। जिन अंशदाओं का अंशदान चालान या बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से संचालनालय भेजा जाता है वहाँ भी यह सुनिश्चित किया जावे कि चालान एवं ड्राफ्ट 5 तारीख तक संचालनालय में अवश्य मिल जावें।

(12) मासिक लेखा संकलन के बाद नोडल अधिकारी द्वारा शासकीय सेवकों को अंशदान की राशि का आहरण भाग-तीन-लोक लेखा ''(ट) जमा और अग्रिम

(क) ब्याज जमा राशियाँ मुख्य शीर्ष 8342-अन्य जमा [117] शासकीय सेवकों के लिए परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना (6803) टी पर के अंतर्गत शासकी सेवक का अंशदान'' से किया जावेगा तथा उसके बराबर की शासकीय अंशदान की राशि ''माँग संख्या 06 मुख्य शीर्ष 2071-पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभ, उपमुख्य शीर्ष [01] सिविल, लघु शीर्ष [117] परिभाषित अंशदान, पेंशन प्रयोजन हेतु शासकीय अंशदान, योजना क्रमांक (6801) राज्य शासन का अंशदान # 12-पेंशन एवं हित लाभ, 003 अन्य भुगतान'' से किया जावेगा।

(13) इसके बाद आहरित राशि ट्रस्टी बैंक (बैंक ऑफ इण्डिया) को 25 तारीख तक सौंप दी जावेंगी, ट्रस्टी बैंक द्वारा समय सीमा में उक्त राशि निर्धारित फण्ड मैनेजर्स को उपलब्ध कराई जावेगी।

(14) राशि का प्रबंधन ट्रस्टी बैंक तथा फण्ड मैनेजर्स द्वारा किया जावेगा और निवेश राशि पर अर्जित ब्याज अंशदाते के खाते में जमा की जावेगी।

टिप्पणी—उपरोक्त निर्देश निम्न परिपत्रों द्वारा जारी किए गए है—

(1) वित्त विभाग क्र. 41/2004 क्रमांक 980/सी-761/वि/नि/चार/2009, दिनांक 27.4.2004

(2) वित्त विभाग क्र. 5/2006 क्र. 31/सी-2742/वि/नि/चार/2006, दिनांक 1.2.2006

(3) वित्त विभाग क्र. 31/2006 क्र. 312/सी-2742/वि/नि/चार/2006, दिनांक 20.9.2006

(4) वित्त विभाग क्र. 18/2007 क्र. 108/24/वि/नि/चार/2007, दिनांक 5.5.2007

(5) वित्त विभाग क्र. 46/2007 क्र. 294/260/वि/नि/चार/2007, दिनांक 11.10.2007.

4. नवीन अंशदायी योजना के अधीन सेवा के दौरान मृत्यु होने अथवा बीमारी के कारणों के आधार पर असमर्थता पेंशन सेवानिवृत्ति होने पर उन्हें या उनके परिवार जन को सेवानिवृत्ति हित लाभ की पात्रता—

(1) छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के ज्ञापन क्रमांक 3/2009 वित्त/योजना विभाग क्रमांक 57/02/वित्त/स्था./चार/2009, दिनांक 22.1.2009 द्वारा यह निर्देश जारी किया गया था कि नवीन अंशदायी पेंशन योजना के शासकीय सेवक की आकस्मिक मृत्यु होने अथवा सेवा छोड़ने की दशा में लागू होने वाले प्रावधान के सम्बंध में सूचना पृथक से जारी किए जावेंगे तब तक कर्मचारी के सी.पी.एस. खाते से भुगतान लम्बित रखा गया है।

(2) नवीन अंशदायी पेंशन योजना के अधीन हित लाभ देने हेतु केन्द्र शासन द्वारा उच्चस्तरीय कार्यकाल गठित किया गया था, जिसके द्वारा सेवाकाल में मृत्यु अथवा अपंगता/असमर्थता के कारण शासकीय सेवा से अक्षमता के कारण सेवा से पृथक्करण के प्रकरणों में अतिरक्त लाभ देने की अनुशंसा की है। इस अनुशंसा के आधार पर शासकीय मृत्यु या अक्षमता के कारण पृथक्करण के प्रकरणों में पेंशन लाभ देने हेतु एक अंतरिम (Provisional) आदेश जारी किए गए है।

(3) केन्द्र शासन के अंतरिम आदेश के आधार पर राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सेवाकल में मृत्यु अथवा सेवा अवधि में घटित अपंगता/असमर्थता के कारण शासकीय

Staff Room

Water Purifier

Gymnasium

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
चिरमिरी, जिला–कोरिया (छ.ग.)

नैक द्वारा "C" ग्रेड प्रदत्त

Affiliated to Sant Gahira Guru University, Ambikapur Phone No. 07771-265026
Email-govtlahiricollege@gmail.com AISHE: C-9736 Website- www.govtlahiripgcollege.com

List of Workshop/Seminars/Conferences/FDPs/Orientation/Refresher Program attended by the teachers during the year:-

Session: 2021-22

Sl. No.	Name of Program	Organizing Unit/Institution	Name of Teacher/ Department	Date (From-to)
1	National Webinar on Solar Modulation of Cosmic Rays	Govt. model Science College, Rewa (M.P.)	Mr. S.C.Chaturvedi Asstt. Prof. Physics	25th Sept. 2021
2	Lecture (Value Added Course) on "एतिहासिक धरोहर एवं पर्यटन अध्ययन"	Govt. PT. Shyamacharan Shukla College, Dharsiwa Raipur (C.G.)	Dr. R.K.Pandey Asstt. Prof. Hindi	1st Oct. 2021
3	National e-Workshop on Research Methodology Tools and Techniques	Govt. model Science College, Rewa (M.P.)	Mr. S.C.Chaturvedi Asstt. Prof. Physics	1st to 7th Nov. 2021
4	Online Refresher Course in Hindi Literature & Sanskrit Literature	UGC-HRDC, Rani Durgawati University, Jabalpur (M.P.)	Dr. R.K.Pandey Asstt. Prof. Hindi	6th to 18th Dec. 2021
5	विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर "वैश्विक हिन्दी और रोजगार की सम्भावनाएँ" विषय पर व्याख्यान	Dr. C.V. Raman Vishwavidyalaya, Kota Bilaspur (C.G.)	Dr. R.K.Pandey Asstt. Prof. Hindi	10th Jan. 2022
6	Lecture on Project or Dissertation Report Writing Strategies	Govt. R.R.M. PG College, Surajpur (C.G.)	Dr. K.Krishnamoorti, Asstt. Prof. Zoology	7th March 2022
7	राष्ट्रीय संगोष्ठी "हिन्दी साहित्य मे शकुन एवं अपशकुन का राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक प्रदेय"	केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा एवं डी. पी.विप्र. महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)	Dr. R.K.Pandey Asstt. Prof. Hindi	15th to 16th March 2022
8	आदर्श बेबिनार सहभागिता का स्वरूप : सिद्धान्त एवं व्यवहार विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार	शासकीय महाविद्यालय, बांदरी जिला–सागर (म.प्र)	Mr. S.C.Chaturvedi Asstt. Prof. Physics	23rd March 2022
9	Online Refresher Course in Zoology	Teaching Learning Centre, Ramanujan College & Gargi College, University of Delhi	Dr. K.Krishnamoorti, Asstt. Prof. Zoology	25th April to 9th May 2022
10	Interdisciplinary Refresher Course in Advanced Research Methodology	Teaching Learning Centre, Ramanujan College, University of Delhi	Dr. A.Goswami, Asstt. Prof. English	22nd May to 5th June 2022

IQAC Coordinator
IQAC Coordinator
Govt. Lahiri P.G. College, Chirimiri
Distt. - Koriya (C.G.)

Principal
Govt. Lahiri P.G. College
Chirimiri, Distt.- Korea (C.G.)

Govt. Model Science College, Rewa (M.P.)- 486001

Accredited 'A' Grade By NAAC

Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University, Rewa (M.P.)

Certificate of Appreciation

NATIONAL WEBINAR

ON

"SOLAR MODULATION OF COSMIC RAYS"

Organized by

Department of Physics

Sponsored By – Department of Higher Education, RUSA & Word Bank Scheme MPHEQIP

This is to certify that ***Asst. Prof. Subhash Chandra Chaturvedi*** *from* ***HOD, Department of Physics, Govt. Lahiri P.G. College Chirimiri, Dist. Koriya (C.G.)*** *has deliver a lecture on* ***"Impact of Interplanetary Medium On Cosmic Rays Intensity"*** *at one day national webinar entitled "SOLAR MODULATION OF COSMIC RAYS" held through the Google meet on 25th September 2021.*

Convenor	Organizing Secretary	Principal
Dr. Kamlesh Singh	**Dr. Yash Kumar Singh**	**Dr. Pankaj Kumar Shrivastava**
Govt. Model Science College, Rewa	Govt. Model Science College, Rewa	Govt. Model Science College, Rewa

GOVT. PT. SHYAMACHARAN SHUKLA COLLEGE
DHARSIWA, RAIPUR (C.G)

Affiliated to Pt. Ravishankar Shukla University
Registered under Section 2(F) & 12(B) of UGC Act
Accredited by NAAC with Grade-B

ऐतिहासिक धरोहर एवं पर्यटन अध्ययन

Organized By : Department of History

Certificate of Appreciation

*This certificate is presented to **Dr. Ram Kinkar Pandey,** Assist. Prof. Department of Hindi, Govt. Lahiri P.G. College, Chirimiri, Koriya (C.G.) for delivering an invited talk entitled "रामपथ वन गमन चिन्हित नौ क्षेत्र" on dated 1-10-2021 in Value Added Course on "ऐतिहासिकधरोहर एवं पर्यटन अध्ययन" organized by Department of History during 25th September to 11th October 2021.*

Dr. Shabnoor Siddiqui
Prof. Department of History
(Convenor)

Dr. Smt. Vinod Sharma
(Principal)

Scanned with CamScanner

GOVT. MODEL SCIENCE COLLEGE, REWA (M.P.)

Accredited 'A' Grade By NAAC

Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University, Rewa (M.P.)

Certificate of Participation

One Week National Level E-Workshop

On

Research Methodology Tools and Techniques

Organized By

Department of Physics

Sponsored By – Department of Higher Education, RUSA & World Bank Scheme MPHEQIP

This is to certify that Prof./Dr./Mr./Miss/Smt.

Subhash Chandra Chaturvedi

from

Govt.Lahiri P.G.College Chirimiri Dist.koriya C.G

*has participated in the one week national level e- workshop entitled "**RESEARCH METHODOLOGY TOOLS AND TECHNIQUES**" Dated on 01st November 2021 to 07th November 2021.*

Convenor	**Organizing Secretary**	**Patron/Principal**
Dr. Kamlesh Singh	***Dr. Yash Kumar Singh***	***Dr. Pankaj Kumar Shrivastava***
Govt. Model Science College, Rewa (M.P.)	*Govt. Model Science College, Rewa (M.P.)*	*Govt. Model Science College, Rewa (M.P.)*

UGC-HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT CENTRE

RANI DURGAWATI UNIVERSITY, JABALPUR, M.P.

ज्ञान - विज्ञानं विमुक्तये

CRT/UGCHRDC/RDVV/RCHINSAN/67 DT: 18.12.2021

E.CERTIFICATE

ONLINE REFRESHER COURSE

HINDI LITERATURE AND SANSKRIT LITERATURE

FROM 06.12.2021 TO 18.12.2021

THIS IS TO CERTIFY THAT

DR. RAM KINKER PANDEY,
ASSISTANT PROFESSOR, HINDI,
GOVT. LAHIRI PG COLLEGE, CHIRIMIRI, DIST. KOREA,
SANT GAHIRA GURU UNIVERSITY, SARGUJA,
AMBIKAPUR, CHHATTISGARH

PARTICIPATED IN THE

ONLINE REFRESHER COURSE

HINDI LITERATURE AND SANKRIT LITERATURE

FROM 06.12.2021 TO 18.12.2021

AND OBTAINED GRADE A +

Prasoon Dutta Singh

(Prof. Kapil Deo Mishra)
Vice-Chancellor
RDVV, Jabalpur, MP

(Prof. Kamlesh Mishra)
Director
UGC-HRDC
RDVV, Jabalpur, MP

(Prof. Prasoon Dutta Singh)
Course Coordinator
Head, Dept of Sanskrit
School of Humanities and Languages,
MGCU, Motihari, Bihar

Scanned with CamScanner

डॉ. सी.व्ही. रामन् विश्वविद्यालय

करगी रोड, कोटा बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

विश्व हिन्दी दिवस

वैश्विक हिन्दी और रोजगार की संभावनाएं

दिनांकः सोमवार 10 जनवरी 2022

आयोजकः भाषा विज्ञान विभाग, टैगोर विश्वकला एवं संस्कृति केन्द्र, आईक्यूएसी
एवं वनमाली सृजन पीठ, बिलासपुर

प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री/श्रीमती/प्रो/डॉ. ....डॉ. राम किंकर पाण्डेय............

महाविद्यालय/ संस्था ....शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चिरमिरी, जिला- कोरिया (छ.ग.)............ ने दिनांक 10 जनवरी को डॉ. सी.वी.रामन् विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर द्वारा आयोजित विश्व हिन्दी दिवस में मुख्यवक्ता के रूप में आभासी पटल पर अपनी उपस्थिति दर्ज की।

हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

गौरव शुक्ला कुलसचिव	डॉ. संगीता सिंह कला संकायाध्यक्ष	डॉ. मनीषा द्विवेदी विभागाध्यक्ष, भाषा विज्ञान विभाग

Scanned with CamScanner

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर,

NAAC GRADE-B | जिला-सूरजपुर (छ.ग.) | College Code-3501

Ph. No. 07775-266657 E.mail-pri.gdc.surajpur@gmail.com/ pri-rmpgsurajpur.cg@gov.in

पत्र क्रमांक......../ स्था / 2022 दिनाँक 30 / 03 / 2022

CERTIFICATE OF APPRECIATION

This Certificate is present to **Dr. Kavita Krishnamoorti**, Assistant Professor, Department of Zoology, Government Lahiri P.G College, Chirmiri (Koriya) for sharing her valuable knowledge as a guest speaker on the topic "Project or Dissertation Report writing Strategies" on 7th March 2022 organized by Department of Zoology, Government Rewati Raman Mishra P.G College, Surajpur (C.G.).

Signature 30/03/2022

Dr. Chandan Kumar
(Asst. Professor)
H. O. D. Dept. of Zoology

Principal
PRINCIPAL
Govt.R.R.M.P.G.College
Surajpur (C.G.)

राष्ट्रीय संगोष्ठी

केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा एवं
हिंदी विभाग, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

के संयुक्त तत्वावधान में

प्रमाण – पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि डॉ. रामकिंकर पाण्डेय, शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महा. चिरमिरी, जिला कोरिया. ने केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा एवं हिंदी विभाग, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर के संयुक्त तत्त्वावधान में दिनांक 15 - 16 मार्च 2022 को ''हिंदी साहित्य में शकुन एवं अपशकुन का राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक प्रदेय'' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में सक्रिय रूप से सहभागिता की/शोधपत्र प्रस्तुत किया/व्याख्यान दिया/सत्र की अध्यक्षता की।

डॉ. (श्रीमती) अंजू शुक्ला
प्राचार्य
डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर(छ.ग.)

डॉ. सुरुचि मिश्रा
संयोजक/विभागाध्यक्ष हिंदी
डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर(छ.ग.)

Scanned with CamScanner

शासकीय महाविद्यालय, बांदरी जिला–सागर (म.प्र.)

आदर्श वेबिनार सहभागिता का स्वरूप :– सिद्धान्त एवं व्यवहार

एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार

दिनांक : 23/03/2022 समय : दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तक

अध्यक्षता :–

- डॉ. जी.एस. रोहित, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा सागर संभाग सागर

मुख्य वक्ता :–

1. श्री उमेशचंद्र पंत, मैनेजर आई.टी. SIFPSA लखनऊ
2. श्री सुभाषचंद्र चतुर्वेदी, सहायक प्राध्यापक भौतिकी, शासकीय लाहिरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी, छत्तीसगढ़
3. डॉ. इमराना सिद्दीकी, प्राध्यापक, रसायनशास्त्र शास., कला एवं वाणिज्य महावि. सागर

Registration Link : https://forms.gle/TNB36oLTM7yc1gLN8
Google Meet Link : https://meet.google.com/aqp-npzv-qkq

प्राचार्य/संरक्षक
डॉ. मिथलेश शरण चौबे

आयोजन सचिव	सह–सचिव	सह–सचिव	समन्वयक
श्रीमती रेनू सोलंकी	राजेश कुमार पटेल	राजेन्द्र कुमार यादव	डॉ. प्रमेश कुमार गौतम
सहा. प्राध्या. – इतिहास	सहा. प्राध्या. – राजनीतिशास्त्र	सहा. प्राध्या. – समाजशास्त्र	सहा. प्राध्या. – अर्थशास्त्र

Teaching Learning Centre, Ramanujan College
University of Delhi

in collaboration with

Gargi College, University of Delhi

under the aegis of

MINISTRY OF EDUCATION

PANDIT MADAN MOHAN MALAVIYA NATIONAL MISSION ON TEACHERS AND TEACHING

सत्यमेव जयते
Ministry of Education
Government of India

This is to certify that

Dr. Kavita Krishnamoorti

of

Govt. Lahiri P.G. College, Chirimiri, Dist. Koriya, Chhattisgarh

has successfully completed online Two – Week Refresher Course in

“ZOOLOGY”

from *25 April - 09 May, 2022* and obtained

Grade *A+*.

Blockchain Hash: 0xf7d389248af0987e96a9eaf8d1ace28ea072b3cea90e4763801dcbdc17cffe9c

Prof. S. P. Aggarwal
(Principal & Director)
TLC, Ramanujan College

Prof. Promila Kumar
(Principal)
Gargi College

Teaching Learning Centre, Ramanujan College
University of Delhi

under the aegis of

MINISTRY OF EDUCATION

PANDIT MADAN MOHAN MALAVIYA NATIONAL MISSION ON TEACHERS AND TEACHING

सत्यमेव जयते
Ministry of Education
Government of India

This is to certify that

Dr Aradhana Goswami Assistant Professor Department of English

of

Government Lahiri PG College Chirimri koriya Chhattisgarh

has successfully completed ONLINE TWO - WEEK INTERDISCIPLINARY REFRESHER COURSE in

"ADVANCED RESEARCH METHODOLOGY"

from *22 May – 05 June, 2022* and obtained

Grade *A*.

Blockchain Hash: 0x8257fe43dd226faa02c01ea1b75df0ff02a981a7cf4773481685ac826fa98e7d

Prof. S. P. Aggarwal
(Principal & Director)
TLC, Ramanujan College

Dr. Ashish Shukla
(Convenor)
Ramanujan College

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय,

ब्लॉक–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपर, अटल नगर,
रायपुर (छ.ग.)
(फोन नं.– 0771–2636413, फैक्स नं. – 0771–2263412)
(www.highereducation.cg.gov.in, email Id- che-higheredu.cg@gov.in)

पत्र क्र. 379 /94/आउशि/गो.प्र./2021 अटल नगर, दिनांक 5 /4/2021

प्रति,

प्राचार्य
समस्त शासकीय महाविद्यालय
छत्तीसगढ़

विषयः– 31 मार्च 2021 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए गोपनीय प्रतिवेदन के संबंध में।

संदर्भः– छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, जिला– रायपुर का पत्र कमांक– 8215/183/2016/38–1 दिनांक 27.10.2018।

––00––

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र द्वारा क्षेत्रीय अपर संचालकों को अधिकार प्रत्यायोजित किये गये हैं। तदानुसार प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयो में कार्यरत स्नातक प्राचार्य, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल, कीडा अधिकारी एवं रजिस्ट्रार की 31 मार्च 2021 को समाप्त होने वाली अवधि की गोपनीय चरित्रावली एक सप्ताह के अंदर प्राचार्य अपने संभाग के क्षेत्रीय अपर संचालक को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, तथा स्नातकोत्तर प्राचार्य अपना गोपनीय प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय को उपलब्ध करायें।

गोपनीय चरित्रावली के साथ कार्य निष्पादन आधारित मूल्यांकन प्रणाली (पी.बी.ए.एस.) प्रपत्र एवं चल–अचल संपत्ति (31 दिसंबर 2020 की स्थिति में) का ब्यौरा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

प्रायः देखा गया है कि प्रपत्र में सभी कालमों की पूर्ति नहीं की जाती है, विषय एवं महाविद्यालय का नाम उल्लेख नहीं करते है, जिसके कारण गोपनीय चरित्रावली संधारित करने में अत्यधिक असुविधा होती है। अतः विषय एवं महाविद्यालय का नाम उल्लेख अनिवार्य रूप से करें, साथ में संलग्न प्रपत्र में जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा सभी कार्यरत अधिकारियों का गोपनीय प्रतिवेदन भेज दिये जाने का प्रमाण पत्र संलग्न करें।

संलग्नः– प्रपत्र।

अपर संचालक
उच्च शिक्षा संचालनालय,
अटल नगर,नवा रायपुर छ.ग.

पृ.क्रमांक 380 /94/आउशि/गोप.प्र./2021 अटल नगर, दिनांक 5 /4/2021

प्रतिलिपिः–

1. क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर एवं सरगुजा संभाग कृपया मतांकन उपरांत समस्त गोपनीय प्रतिवेदन इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

अपर संचालक
उच्च शिक्षा संचालनालय

प्रारूप – महाविद्यालय में पदस्थ ऐसे सहायक प्राध्यापक जो 37,400–67,000 + ए.जी.पी. 9,000 के वेतनमान में कम से कम 03 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो कि जानकारी –

क्र.	सहायक प्राध्यापक का नाम	विषय	वरिष्ठ श्रेणी में स्थानन दिनांक	प्रवर श्रेणी में स्थानन दिनांक	37400–67000/– ए.जी.पी. 9000 वेतनमान में स्थानन दिनांक	9000 एजीपी में 03 वर्ष पूर्ण होने की तिथी	रिमार्क

इस प्रारूप के साथ निम्नानुसार बिन्दुओं में दर्शाये गये प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से उपलब्ध करावें।

1. विभागीय जांच एवं न्यायालय में अभियोजन प्रकरण लंबित नहीं होने का प्रमाण पत्र।
2. सनिष्ठा प्रमाण पत्र।
3. वर्ष 2015 से 2019 तक का वर्षवार अलग–अलग चल अचल संपत्ति विवरण प्रपत्र।
4. सतत् सेवा प्रमाण पत्र।

प्राचार्य के हस्ताक्षर

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा

ब्लॉक–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)
(फोन – 0771–2636413 फैक्स – 0771–2263412)
(Email - highereducation.cg@gmail.com Website - www.highereducation.cg.gov.in)

कमांक–877/09 /आउशि/अराज.स्था./2021 अटल नगर, दिनांक 27/03/2021

प्रति,

प्राचार्य
समस्त शासकीय महाविद्यालय
छत्तीसगढ़

विषयः – **कर्मचारियों की गोपनीय चरित्रावली निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध कराने बाबत्।**

———00———

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आपके कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों की गोपनीय चरित्रावली निर्धारित संलग्न प्रपत्र में भरकर संबंधित अपर संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, उच्च शिक्षा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, साथ ही निम्नलिखित निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जावे :–

1. समग्र मूल्यांकन (उत्कृष्ट/बहुत अच्छा/अच्छा/साधारण/घटिया) स्पष्ट अंकित करें एवं गोपनीय प्रतिवेदन में चिन्हांकित भी करें।
2. कर्मचारी की गोपनीय चरित्रावली में अंकित प्रतिकूल टीकाओं से नियमानुसार (1 माह भीतर) कर्मचारी को संसूचित करना अनिवार्य है एवं उनके विरूद्ध प्रस्तुत अभ्यावेदनों के निराकरण के संबंध में दिये गये शासन–आदेशों का अत्यन्त दृढ़ता से पालन किया जाये।
3. गोपनीय चरित्रावली का वर्ष स्पष्ट अंकित करें।
4. मतांकन अधिकारी का नाम, हस्ताक्षर, सील अंकित किया जावें।

(आयुक्त, उच्च शिक्षा के निर्देशानुसार)

27.3.2021
(डॉ. एच.पी. खैरवार)
अपर संचालक
उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर,
अटल नगर (छ.ग.)

पृ. कमांक–878–09 /आउशि/अराज.स्था./2021 अटल नगर, दिनांक 27/03/2021
प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा के शीघ्रलेखक, नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ।
2. अपर संचालक, उच्च शिक्षा समस्त क्षेत्रीय कार्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

अपर संचालक
उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर,
अटल नगर (छ.ग.)

10

गोपनीय प्रतिवेदन
(CONFIDENTIAL REPORTS)

1. सामान्य निर्देश

(1) पुस्तक परिपत्र भाग एक क्रमांक 7 में दिये गए निर्देशों के अनुसार गोपनीय प्रतिवेदन अत्यन्त सावधानी से लिखे जाना चाहिये क्योंकि उस पर अधिकारी का बहुधा भविष्य निर्भर रहता है। रिपोर्ट लिखने वाले अधिकारी को अपर्याप्त सामग्री या सुनी-सुनाई बातों के आधार पर अस्पष्ट टिप्पणियाँ और मत देना या निष्कर्ष निकालने से बचना चाहिये। इस बात की सावधानी भी रखना चाहिये कि व्यक्तिगत रुचियों या अरुचियों को स्थान न मिल सके।

(2) प्रतिवेदन लिखने वाले अधिकारी का यह कर्तव्य है कि वह अपने नियंत्रण के अधीन लोगों के कार्य व आचरण का सावधानीपूर्वक सतत् अवलोकन करें। वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट ऐसे अवलोकनों और नियतकालिक निरीक्षण के परिणामों तथा अधिकारी के ऐसे कार्यों पर आधारित होनी चाहिये जो उसकी दृष्टि में आयें। यदि इसके बावजूद भी वह यह आवश्यक समझे कि किसी अधीनस्थ प्राधिकारी की राय आवश्यक है तो वह उसे गोपनीय रूप में मंगा सकता है। किन्तु गोपनीय रिपोर्ट उसके द्वारा ही पूर्ण जिम्मेदारी के साथ लिखी जानी चाहिए।

(3) गोपनीय प्रतिवेदन के लिखने से किसी अधिकारी को यह दिखाने का अवसर मिलता है कि वह सतर्क पर्यवेक्षक है और उसमें चरित्र का सही-सही मूल्यांकन करने की क्षमता है।

(4) किसी भी रिपोर्ट लिखने वाले अधिकारी को अपने किसी निकट संबंधी के कार्य पर अपनी राय नहीं देनी चाहिये।

(5) प्रतिवेदन में सामान्यत: इस विषय में राय व्यक्त की जानी चाहिये कि सम्बन्धित अवधि के दौरान अधिकारी ने अपने विभिन्न कर्त्तव्यों का पालन किस प्रकार किया है और इसमें उसके व्यक्तित्व, चरित्र और योग्यताओं का मूल्यांकन होना चाहिये।

(6) अतिगुप्त, गुप्त शाखाओं आदि के कार्य करने वाले या प्रभार धारण करने वाले शासकीय कर्मचारियों के सम्बन्ध में रिपोर्ट लिखते समय, विशेषकर विभागीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मामले में उनकी विश्वसनीयता का विशिष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिये।

(7) साधारणत: उस अधिकारी के सम्बन्ध में कोई रिपोर्ट नहीं लिखी जायेगी, जिसने वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी प्रभार में तीन माह से कम समय तक काम किया है क्योंकि हो सकता है कि इतनी अल्पावधि में रिपोर्ट लिखने वाले अधिकारी को अपने अधीनस्थ के कार्य का अवलोकन करने का पर्याप्त अवसर न मिल सके।

(8) यदि अधिकारी वित्तीय वर्ष में तीन महीने से अधिक समय तक किसी भी कार्य के प्रभार में न रहा हो तो उसकी रिपोर्ट उस सक्षम प्राधिकारी द्वारा लिखी जायेगी जिसके अधीन वित्तीय वर्ष में उसने अधिकतम अवधि तक कार्य किया हो।

(9) सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक 333/1040/I (3)/80, दिनांक 4-8-1980 के अनुसार यदि किसी अधिकारी को उच्च पद के चालू कार्यभार संभालने के लिए अधिकृत किया जाता है तो वह अपने मूल पद के समकक्ष पदों में कार्यरत अधिकारियों की गोपनीय चरित्रावलियों में टीका

अंकित नहीं कर सकता, किन्तु अपने अधीनस्थ अधिकारियों की चरित्रावली लिखने के लिए, स... रहेगा।

(10) राज्य शासन के निर्णयानुसार प्रतिवेदक अधिकारी/समीक्षक अधिकारी सेवानिवृत्त ... पर उसकी सेवा निवृत्ति के दिनांक से एक माह के अन्दर अपना अभिमत अंकित कर सकेंगे।

[सामान्य प्रशासन विभाग क्रमांक एफ. 5-1/2003/1/6, दिनांक 20-2-20...

(11) **निलम्बित शासकीय सेवकों की गोपनीय चरित्रावली में मतांकन-** वर्तमान में निलम्बि... शासकीय सेवकों की गोपनीय चरित्रावली लिखे जाने के संबंध में नियमों में कोई प्रावधान नहीं ... गोपनीय चरित्रावली में शासकीय सेवकों के द्वारा पूरे वर्ष में किये गए कार्य का समग्र मूल्यांकन ... आधार पर उनके कार्यों के संबंध में टीप अंकित की जाती है। निलम्बित शासकीय सेवकों द्वारा निल... अवधि में कोई कार्य नहीं किया जाता है। अतः निलंबित अधिकारियों के गोपनीय प्रतिवेदन में सामान्... 'कोई टीप नहीं' अंकित किया जाता है। अब शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि निलम्बि... शासकीय सेवकों के गोपनीय प्रतिवेदन लिखते समय संबंधित अधिकारी द्वारा इस आशय का ... मतांकन किया जाना चाहिए कि निलम्बित शासकीय सेवक निलम्बन की अवधि में बिना अनुमति ... अनुपस्थित तो नहीं रहा है, तथा उसके द्वारा कोई व्यवसाय, नौकरी आदि तो नहीं की जा रही है। ... उसके विरुद्ध विभागीय जांच चल रही है तो इस संबंध में टीप दी जाये कि उसके द्वारा विभागीय ... की कार्यवाही में सहयोग किया जा रहा है अथवा नहीं।

[सामान्य प्रशासन विभाग ज्ञाप क्रमांक 447/2223/98/1/9, दिनांक 9-3-199...

2. गोपनीय प्रतिवेदन लिखने की अवधि

(1) शासकीय कर्मचारियों के सम्बन्ध में गोपनीय प्रतिवेदन उसके वरिष्ठ अधिकारी द्वारा प्र... वित्तीय वर्ष के लिये लिखे जाना चाहिये।

(2) परिवीक्षा पर नियुक्त किये गये अधिकारियों के सम्बन्ध में उनकी सम्पूर्ण परिवीक्षा अ... के दौरान जब तक कि उन्हें स्थाई न कर दिया जाये, अर्धवार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन लिखे जाना चाहि...

(3) समस्त अस्थाई शासकीय कर्मचारियों के मामले में भी शासकीय सेवा में उनकी प्र... नियुक्ति में प्रथम दो वित्तीय वर्षों तक अर्धवार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन लिखे जाना चाहिये।

3. गोपनीय चरित्रावली में अंकित सभी प्रविष्टियों को संसूचित किया जाना

राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि गोपनीय प्रतिवेदन में अंकित सभी टीकाओं को चाहे ... घटिया/औसत/अच्छी/बहुत अच्छी अथवा उत्कृष्ट हों, उन्हें संबंधित को संसूचित किया जावे। य... कोई शासकीय सेवक अपनी श्रेणी से या टीकाओं से संतुष्ट नहीं हो तो वह पूर्व की भांति जिस प्रक... प्रतिकूल टीका सूचित किये जाने पर अभ्यावेदन देता है, उसी प्रकार उन्हें अपग्रेड कराने के लि... अभ्यावेदन दे सकता है। अभ्यावेदन का निराकरण भी पूर्व की भांति ही होगा। ऐसी संसूचना तब ... जाएगी जब वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन अंतिम मतांकन के उपरान्त उन्हें संधारित करने वाले अधिका... को प्राप्त हो जाए तब वह संबंधित को एक निश्चित समयावधि में संसूचित करेगा।

उक्त आदेश सभी विभाग, विभागाध्यक्ष एवं उनके अधीनस्थ सभी कार्यालयों/निगम/मंडल... आयोग/अभिकरण में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को लागू होंगे।

अतः अब वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन की छायाप्रति देना अनिवार्य हो गया है।

[सामान्य प्रशासन विभाग क्रमांक एफ-9-2/2008/1-6, दिनांक 16-12-201...

4. प्रतिकूल टीका के विरुद्ध प्राप्त अभ्यावेदनों का निराकरण

(1) तृतीय श्रेणी तक के कर्मचारियों के गोपनीय प्रतिवेदनों के प्रतिकूल टिप्पणियों के विरुद्ध प्राप्त अभ्यावेदनों के मामलों में वह अधिकारी सक्षम है जो अंतिम मत अंकित करने वाले से तत्काल वरिष्ठ है।

(2) द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों से संबंधित प्रतिकूल टीकाओं को विलोपित करने का निर्णय संबंधित विभाग के प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से किया जायगा।

